4 शिवालय में लगा शिव भक्तों का तांता, गूंजा हर-हर महादेव





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## फाइनल लोकेशन सर्वे के बाद 9718 करोड़ का भेजा गया प्रस्ताव

# एक बार फिर से अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन के विस्तार को लेकर जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेल सुविधाओं के विस्तार की कड़ी में अब आने वाले समय में और बड़ी उपलब्धि सरगुजा के नाम पर जुड़ने वाली है। सरगुजा की बहुप्रतीक्षित मांग अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन को लेकर केंद्र व राज्य स्तर पर तेजी से प्रक्रियाएं चल रही है। रेल लाइन के विस्तार हेतु फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य पूर्व कर लिया गया है 9718 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा गया है। राज्य सरकार ने भी बरवाडीह रेल लाइन के प्राथमिकता में रखा है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही बरवाडीह से अंबिकापुर तक रेल लाइन के विस्तार के लिए स्वीकृति मिल जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद सरगुजा रेल मार्ग से भी देश के कोने कोने से जुड़ जाएगा।

**खास बात**

- दशकों से चल रहा है प्रयास

अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन परियोजना वर्षों पुरानी मांग है। इस परियोजना की शुरुआत आजादी के पहले की गई थी। अंग्रेजों के जमाने में ही लाइन बिछाने का काम भी किया गया था लेकिन काम पूर्ण नहीं हो पाया है और उसके बाद से ही दशकों से यह योजना अधर में अटकी हुई थी लेकिन अब एक बार फिर से अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन को लेकर उम्मीद जगी है। बताया जा रहा है कि रेल लाइन के विस्तार हेतु प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। रेल लाइन के विस्तार के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। वैसे तो इस रेल लाइन के लिए अनेकों बार सर्वे किए गए लेकिन इस बार फाइनल लोकेशन सर्वे किया गया है। अंबिकापुर से बरवाडीह के बीच लगभग 200 किलोमीटर लाइन का विस्तार किया जाना है। इसमें लगभग 134.1 किमी की लाइन छत्तीसगढ़ और 65.88 किमी की रेल लाइन झारखंड में है। इस लाइन के विस्तार के लिए कुल 9 हजार 718 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत तय की गई है और इस राशि के स्वीकृति का प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा गया है। इस संबंध में रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि वर्तमान में रेल लाइन के विस्तार के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे का काम पूर्ण कर रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया है। फिलहाल रेल मंत्रालय से इसकी स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति के बाद डीपीआर तैयार किया जाएगा और उसके बाद निर्माण की प्रक्रिया होगी।



### भूमि अधिग्रहण के लिए जारी हो चुके है पत्र

रेल लाइन के विस्तार की दिशा में अंबिकापुर से बरवाडीह व अंबिकापुर-गढ़वा रेल लाइन को लेकर विचार चल रहा है। रेल लाइन के विस्तार के लिए दिसम्बर 2024 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पत्र के आधार पर बलरामपुर, रामानुजगंज तहसील क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण हेतु पत्र जारी किया गया था। इसके आधार पर आगे की प्रक्रिया करने की बात भी कही जा रही है। इसी तरह झारखंड के गढ़वा में भी भूमि अधिग्रहण हेतु खसरा नक्सा उपलब्ध कराने का पत्र जारी किया गया था। नए सर्वे में रेल लाइन अंबिकापुर से परसा, बरियों होते हुए रामानुजगंज जाएगी और फिर रामानुजगंज से दो रूट निकलते है जिसमें एक गढ़वा और दूसरा बरवाडीह के लिए जाता है। उम्मीद है कि इसमें से बरवाडीह के रेल लाइन के लिए स्वीकृति मिलेगी।



### देशभर में मिलेगी कनेक्टिविटी

रेल लाइन का विस्तार होने से सरगुजा संभाग को देशभर में कनेक्टिविटी मिल जाएगी। बरवाडीह हो या फिर गढ़वा रोड दोनों ही स्थानों से दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता समेत देश एक कोने कोने के लिए 30-40 ट्रेने मिल जाएंगी। रेल लाइन का विस्तार होने से आवागमन में आसानी होगी और व्यापार के अवसर खुल सकेंगे।

### बौरीडांड से हो रहा दोहरीकरण

रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु चल रही प्रक्रिया के बीच अब अंबिकापुर से बौरीडांड के बीच रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य भी चल रहा है। इस मार्ग पर 80 किमी तक रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य होना है। इस कार्य के लिए 1282 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### सीएम से की थी मुलाकात

मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रदेश शिविर के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की थी। इस दौरान सीएम ने इस मुद्दे पर लम्बी चर्चा की थी। इस दौरान सीएम ने भी प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि बरवाडीह रेल लाइन और झारसुगड़ा रेल लाइन के लिए प्रयास चल रहे है और जल्द ही काफी तेजी के साथ काम शुरू होगा।





# दो ट्रक नीलगिरी की लकड़ियां जब्त, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवैध रूप से लकड़ी परिवहन के मामले में पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। पुलिस ने रायगढ़ रोड पर दो ट्रक नील गिरी की लकड़ी पकड़ी है। पुलिस ने जब लकड़ी और ट्रकों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

- अवैध रूप से किया जा रहा था परिवहन, वन विभाग के किया गया सुपुर्द

इस कार्रवाई से ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में किस तरह से नीलगिरी के पेड़ों की कटाई का सिलसिला चल रहा है। दूसरे राज्यों से आकर तस्कर पेड़ों की बेखौफ होकर कटाई कर रहे है और उन्हें स्थानीय स्तर पर भी माफियाओं का संरक्षण मिल रहा है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रायगढ़ रोड में लालमाटी के समीप दो ट्रकों में इमारती लकड़ी भरकर तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमबी 5670 एवं सीजी 10 बीयू 5795 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रकों में नीलगिरी के पेड़ की लकड़ियाँ भरी हुई थी। पूछताछ के दौरान ट्रक चालक बिलासपुर निवासी सोयल खान आ. रज्जू खान व 26 वर्षीय विक्रम कुमार आ. राम कुमार ने बिलासपुर एवं रायगढ़ लेकर जाने की बात कही। पुलिस द्वारा ट्रक व लाखों रुपए की लकड़यिों को जब्त कर वन विभाग के सुपूर्द किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, रजनीकांत मिश्रा, आरक्षक लालबाबू सिंह, सैनिक संतोष पाठक सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस आज करेगी चक्का जाम

**अंबिकापुर।** शहर के बीच एनएच और लोक निर्माण विभाग की जर्जर सड़कों को लेकर यूथ कांग्रेस ने चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि शहर एवं शहर को बाहरी क्षेत्रों से जोड़ने वाले निगम, पीडब्ल्यूडी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा संचालित मार्गो की स्थिति जर्जर है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। संबंधित विभागों की उदासीनता से नागरिकों को हो रही परेशानी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यूथ इंटक द्वारा 5 अगस्त को सुबह 11.30 बजे भारत माता चौक (खरसिया नाका) पर प्रदर्शन और चक्काजाम किया जाएगा।

### 15 अगस्त को जिले में नहीं बिकेगी शराब

**अम्बिकापुर।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, प्रीमीयम विदेशी मदिरा दुकान, संलग्न अहाता, एफएल 8 एवं मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### चोरों ने अस्पताल के सामने से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** चोरों ने निजी व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने से दो बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खैरबाद लौंगापानी निवासी विकास तिर्की आ. राजेन्द्र तिर्की (24 वर्ष) रविवार को भांजी का तबियत खराब होने पर उसे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 6913 से पुराना बस स्टैंड स्थित निजी अस्पताल गया था। युवक बाइक को अस्पताल के सामने खड़ा इलाज कराने चला गया। दोपहर को बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरा मे दोपहर 1 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते नजर आया। युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गंगापुर खुर्द निवासी विनय आनन्द्र कुजूर आ. स्व. विश्राम कुजूर (35 वर्ष) 1 अगस्त की शाम भाई गंगाराम को इलाज कराने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 2496 से मेंडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आया और बाइक को पार्किंग में खड़ा कर उपचार कराने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज तलाश शुरू कर दी।

# दुर्घटना पीड़ित की मदद के लिए रुका मंत्री राजवाड़े का काफिला, खुद के वाहन से भिजवाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े रायपुर से अपने निज निवास वीरपुर जाते समय काफिला जैसे ही सुत्तरा मोड़ कटघोरा पहुंचा तो उन्होंने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवार युवकों को देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने तत्काल अपने काफिले को रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बिना समय गंवाए घायलों को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटघोरा भिजवाने की व्यवस्था की।

- कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की मानवीय पहल



श्रीमती राजवाड़े ने कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को फोन कर घायल को त्वरित और समुचित उपचार देने के निर्देश भी दिए।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती गंभीर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल से ड्यूटी कर घर जा रही स्कूटी सवार युवती कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार मेण्ड्राकला निवासी खुशबू विश्वकर्मा आ. कलम साय विश्वकर्मा शासकीय अस्पताल में डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम करती है। हर रोज की भांति 2 अगस्त की शाम अस्पताल से ड्यूटी कर स्कूटी से घर आ रही थी। जैसे ही मेण्ड्राकला सैनिक स्कूल चौक के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। युवती का उपचार शहर के निजी अस्पताल में जारी है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 अपराध दर्ज किया है।



# गोदाम से एक टन कबाड़ जब्त, चोरी का सामान होने की संभावना पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवैध रूप से कबाड़ का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मणिपुर पुलिस ने गोदाम से लगभग एक टन कबाड़ जब्त किया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कबाड़ के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है जिसके तहत विभिन्न कबाड़ गोदामों की जांच चल रही है। इस बीच मणिपुर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर के बहेरापारा में संचालक 59 वर्षीय राधेश्याम माली आ. सवा. अर्जुन भगत माली के गोदाम की जांच की। जांच के दौरान गोदाम में स्कूटी का चक्का रिंग सहित पुराना 6 नग, मोटर सायकल चक्का रिंग सहित पुराना 9 नग, इंजन टाटा कंपनी बस का बंद टूटा हुआ पुराना कबाड़ 1 नग, बोलेरो का बंद इंजन पुराना कबाड़ 1 नग, स्टेयरिंग पुराना 1 नग, बड़ी वाहन का टायर डिस्क 2 नग, छोटी वाहन का डिफेन्सर पीछे का 1 नग, मोटर सायकल का सामने का शाकप एक जोडी, पानी टंकी लोहे का पुराना 1 नग, गैस टंकी पुराना 1 नग, छोटी बड़ी वाहनों का लोहे का टूटा फूटा कबाड मिला बरामद किया। उक्त कबाड़ के बारे में पूछताछ करनेपर संचालक कोई ठोस जवाब नहीं दे पाया और ना ही कोई वैध दस्तावेज पेश कर पाया। ऐसे में पुलिस ने चोरी का कबाड़ होने की आशंका पर कबाड़ को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में मणिपुर थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, सउनि शौकी लाल राज, आरक्षक अरविन्द सिंह, दीपक पैकरा, कृष्ण कुमार वीरको सक्रिय रहे।

# रूपए नहीं देने पर ससुर को जिंदा जलाने वाले दामाद को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** शराब के लिए पैसे नहीं देने पर अपने ससुर को जिंदा जलाने वाले दामाद को जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश मनीष कुमार दुबे ने ससुर की जघन्य हत्या के मामले में आरोपी धनसाय कोरवा को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। ग्राम दोरना निवासी मृतक दशरू कोरवा को शासन द्वारा पीएम आवास की राशि स्वीकृति की गई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद आरोपी दामाद धनसाय उस पर शराब के लिए राशि देने का दबाव दे रहा था। ससुर द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर आरोपी ने 4 सितम्बर 2024 को ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे जिंदा आग के हवाले कर दिया। गंभीर रूप से झुलसे दशरू को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेजा था। मामले की सुनवाई करते हुए चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार दुबे ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी धनसाय को आजीवन कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड का भुगतान नहीं करने पर अतिरिक्त दो महीने कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छग टीम हेतु खिलाड़ियों का भी चयन

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भटगांव की अनन्या बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिला शतरंज संघ द्वारा नगर के परशुराम भवन में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगित का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कोरबा में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर रेटिंग चेस चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया।



प्रतियोगिता में भटगांव की 13 वर्षीया खिलाड़ी अनन्या रे चैम्पियन बनी वहीं अंबिकापुर के 13 वर्षीय खिलाड़ी अंशुमान सहाय उप चैंपियन बने। वाड्रफनगर के अमन सिंह ने तृतीय व भूतपूर्व चैंपियन रामानुजगंज के वरिष्ठ खिलाड़ी सौरव पाटले चौथे स्थान पर रहे। इसके साथ ही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब 13 वर्षीया श्रेया शिल्पी ने हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान विशेष आयु वर्ग में अंडर 17 आयु वर्ग में स्नेहा गुप्ता, अनुष्का बड़ा, अंडर 15 आयु वर्ग रोहन गुप्ता, अनन्या गुप्ता, अंडर 13 आयु वर्ग में नव्या सिंह, प्रेरणा तिग्गा, अंडर 11 आयु वर्ग में अरुप कुमार रे, परिधि गुप्ता एवं अंडर 9 आयु वर्ग में अक्षत राज डांगरे, न्यासा यादव प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी की धर्मपत्नी निर्मला राठी के निधन की सूचना मिलने पर श्रद्धांजलि दी गयी। प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सरोज कुमार वैष्णव, राजा सिंह और संतोष सोनी द्वारा शतरंज की प्रारम्भिक चालें चलकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता छह चक्रों में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रदीप मंडल ने सह निर्णायक सरोज साण्डिल्य, चन्द्रशेखर राठौर, मालती भगत, रविशंकर गुप्ता, सुनिता राजवाड़े और वर्तिका तिवारी के साथ प्रतियोगिता सफल संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष हरीश मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए संभाग स्तर पर चेस इन ट्राइवल के तहत एक बड़ा आयोजन करने की घोषणा की और इसके लिए राजपुर के आयोजन समिति का हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# झारखंड के खूंटी से गिरफ्तार किया गया डोडा सप्लायर

**वाड्रफनगर।** डोडा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लायर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी किसानों से डोडा खरीदकर देशभर के विभिन्न राज्यों में बिक्री करता था।

बता दें कि बसंतपुर वाड्रफनगर पुलिस ने 8 जून को कार्रवाई करते हुए धनवार बेरियर पर जांच के दौरान ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीजे 7447 से 14 क्विंटल 44 किलोग्राम डोडा बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जांच के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने वाहन मालिक और चालक आरोपी मोती चौधरी, बंटी हुड्डा से पूछताछ के बाद खरीददार पश्चिम बंगाल कलकत्ता के माल्दा इंग्लिश बाजर निवासी 41 वर्षीय उत्तम राय आ. अभिनंदन राय को गिरफ्तार किया था। वहीं जब पुलिस ने आरोपी उत्तम राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने रांची के ग्राम खूंटी साहिल से डोडा खरीदने की बात स्वीकार की। ऐसे में पुलिस



टीम झारखंड रवाना हुई और रांची के खूंटी बिरहु निवासी 37 वर्षीय साहिल अनिल संगा आ. राम संगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार रांची के खूंटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किसान अफीम खेती कर रहे है उन किसानों से ही तस्कर साहिल अनिल संगा अवैध रूप से डोडा खरीदकर सप्लाई करता था। आरोपी मोती चौधरी, बंटी हुड्डा एवं उत्तम राय को भी साहिल अनिल संगा के खाते में पैसा ट्रांसफर कर किसानों डोडा लेते थे। पुलिस ने सप्लायर को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य साथियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में बसंतपुरथाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी, आरक्षक अजय टोप्पो, जनार्दन सिह शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल सम्मानित




**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने एक और उत्कृष्ट उपलब्धि अपने नाम करते हुए नेशनल स्कूल अवॉर्ड में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय छग का गौरवपूर्ण खिताब प्राप्त किया है। यह सम्मान स्कूल की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह 3 अगस्त को होटल रेडिसन ब्लू, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इसमें देशभर से चयनित प्रमुख शिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी, सियाचिन के वीर एवं भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी और असीम गोयल पूर्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), महिला एवं बाल विकास, हरियाणा सरकार की उपस्थिति ने समारोह को गरिमा और प्रेरणा से भर दिया। दोनों अतिथियों ने शिक्षा के महत्व और समाज के विकास में विद्यालयों की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। समारोह के दौरान एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया। इसमें स्कूल नेतृत्व की बदलती भूमिका और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था पर संवाद हुआ।

### सरपंच के जाति को लेकर शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सलका में निर्वाचित सरपंच ने चुनाव लड़ने के लिए फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर चुनाव में जीत हासिल करने का आरोप लगाते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर को पत्र सौंपते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने एसडीएम को सौंपे अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत सलका की वर्तमान सरपंच दुर्गा पति विजय बरगाह ने चुनाव लड़ने के लिए गोंड जाति का प्रमाण पत्र लगाकर चुनाव जीती है,जबकि वह बरगाह जाति की है, जो कि ओबीसी वर्ग में आता है। ग्राम पंचायत सलका का सरपंच पद का आरक्षण अजजा के लिए आरक्षित है। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि सरपंच अपनी जाति गोंड बताती है,जबकि उसके पिता पनिका जाति के थे।

### श्रावण के अंतिम सोमवार को देवरहा बाबा सेवा समिति का आयोजन, तप, साधना और शिव की उपासना का माह है सावन

# प्रेमाबाग शिवमंदिर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर जुटी रही और सभी ओर हर-हर महादेव के जयघोष गुंजते रहे।

शहर स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रेमाबाग में देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर के तत्वाधान में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए काफी संख्या में सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालु जुटे रहे। यहां बड़ी संख्या में में पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ शिवजी का रूद्राभिषेक के साथ जलाभिषेक किया गया। पेरमाबाग के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धलुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो दोपहर बाद तक बनी रही। इस अवसर पर चित्रकूट से आए आचार्य सुरेशानंद महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोपचार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराए गए। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु यहां जुटे रहे, इसके साथ ही दोपहर में भोग भंडारा का कार्यक्रम भी चलाया गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शिवालयों के साथ जिलेभर में स्थित शिवालयों में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही। एनएच 43 पर ग्राम जमगहना में स्थित शिव मंदिर में सुबह से अपरान्ह तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। यहां भी भंडारा का प्रसाद लेने भक्तों की भीड़ लगी रही। सावन के पवित्र मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को देवरहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग बैकुंठपुर द्वारा भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रूद्राभिषेक किया गया, जो वर्षों से चली आ रही एक विशेष परंपरा का हिस्सा है। पूजन कार्यक्रम में चित्रकूट धाम से पधारे आचार्य सुरेशानंद जी महाराज ने वैदिक मंत्रों के साथ श्रद्धालुओं को रूद्राभिषेक का विधिवत अनुष्ठान कराया। पूरे मंदिर परिसर में शिवमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ, भोग भंडारा और सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बीते तीसरे सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई थी जो बेलो की बगिया छुरीगढ़ तक गई, जहां भक्तों ने जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रूद्राभिषेक का आयोजन एक अत्यंत विशेष एवं श्रद्धा का केन्द्र रहा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने तन-मन-धन से भाग लिया।


पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक करते श्रद्धालु।


पूजा-अर्चना के बाद विर्सजन के लिए जाते लोग।



## अंतिम सोमवार पर शिवभक्ति की गूंज

**मनेन्द्रगढ़।** सनातन धर्म में विशेष स्थान रखने वाले श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर अनवरत हनुमान चालीसा समिति द्वारा श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत आयोजन किया गया। प्रातः श्री विजय हनुमान टेकरी से श्रद्धालु महिलाओं का समूह कलश में पवित्र जल लेकर भजन-कीर्तन करते हुए चैनपुर स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा।

वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का अभिषेक कर विश्व शांति, प्रकृति संतुलन और जनकल्याण की कामना की गई। मान्यता है कि इस मास की सोमवारी को शिवजी की पूजा विशेष फलदायी होती है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि श्रावण मास केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सामाजिक जागरण का पर्व है। यह हम सभी को संयम, सेवा और समर्पण का भाव सिखाता है। आज की पूजा हमने विश्व की सुख-शांति और प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति के लिए अर्पित की है। शीला सिंह ने कहा कि हर महिला के मन में शिव के प्रति अनन्य श्रद्धा थी। कार्यक्रम में डॉ.रश्मि सोनकर, शीला सिंह, पूजा पटेल, पिंकी जायसवाल, सरिता पाण्डेय, रानी, सरला, रौशनी मिश्रा, बीना शिवहरे,आरती तिवारी, नीलम सोनी, प्रतिमा प्रसाद, प्रतिमा प्रसाद, नीलम सोनी, आरती शिवहरे, ममता नामदेव, पलक पटेल, ज्योति शिवहरे, ज्योति ताम्रकार, गंगा ताम्रकार, कविता यादव, भावना दीवान, अनीता मिश्रा, कविता, सुमित, सिद्धार्थ सहित अन्य महिलाएवं एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अमहर शिव मंदिर में कांवड़ यात्रा

सावन के अंतिम सोमवार को ग्राम पंचायत अमहर के शिव मंदिर प्रांगण में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने परंपरागत रूप से कांवड़ यात्रा निकालते हुए खैरी अमहर बांध से जल भरकर लाया और बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम पंचायत अमहर की सरपंच श्रीमती शारदा सिंह एवं उप सरपंच अशोक कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर पूजा-अर्चना में भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर अमहर सहित रामपुर, छिंदिया, कोचिला और तरगवां गांवों से भी बड़ी सख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मंदिर प्रांगण में बोल बम के नारों और भक्ति गीतों की गूंज से शिवमय वातावरण बना रहा। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भॉति इस बार भी अत्यंत शांति, सौहार्द्र और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।



### भोले बाबा की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र

**मनेन्द्रगढ़।** हसदेव गंगा तट से जल भरकर सैकड़ों कांवड़ियों का समूह भजन-कीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री सिद्धबाबा धाम पहुंचा, जहां जयकारों के बीच भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया। भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन पूरे नगर में श्रद्धा का माहौल-सावन की परंपरा के अनुसार प्रातः 7:30 बजे से कांवड़ यात्रा की शुरूआत हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सिद्धबाबा धाम पहुंची। भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और आरती के साथ कांवड़ियों का स्वागत किया। इस कांवड़ यात्रा की विशेष झांकी भोले बाबा की झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इसमें डिजिटल साउंड सिस्टम पर गूंजते शिव तांडव स्त्रोत और भक्ति गीतों के साथ-साथ रंग-भस्म ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



### शिवघाट में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

सोनहत मार्ग पर स्थित शिवघाट के घने जंगल के बीच स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दूर-दराज के श्रद्धालु श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सुबह होने के साथ ही श्रद्धालु जुट कर विधि पूर्व पूजा-अर्चना करते रहे। आस्थावान लोग सुबह से लेकर अपरान्ह तक शिवघाट के शिवालय में पूजा-अर्चना के लिए जुटते रहे। यहां श्रद्धालुओं को भंडरा का प्रसाद वितरण किया जाता रहा। सड़क से आने जाने वाले लोग श्रद्धापूर्वक रूककर भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते रहे। उल्लेखनीय है कि प्रति सावन सोमवार को शिवघाटी उपर के एवं तलहटी क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जंगल के बीच स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जुटते रहे हैं।



### मानस मंडली का रामायण पाठ

सोनहत जनपद के ग्राम पंचायत लटमा में मानस मंडली द्वारा सावन के अंतिम सोमवार को गांव में स्थित शिव मंदिर में रामायण पाठ एवं धार्मिक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें मानस मंडली लटमा के सदस्यों के द्वारा धार्मिक आयोजन किया गया। साथ ही यहां के शिवालय में गांव के श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में जुटते रहे। यहां भंडारा का प्रसाद का भी वितरण किया जाता रहा। बाजार दिवस होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालु भंडारा का प्रसाद ग्रहण किए। शिव मंदिर में रामायण पाठ एवं धार्मिक भजन-कीर्तन से क्षेत्र का वातावरण धार्मिक हो गया। शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।






## चरचा कॉलरी से निकाली गई कलशयात्रा

**चरचा कॉलरी।** सावन के अंतिम सोमवार को कोयलांचल क्षेत्र में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 6 बजे से ही मंदिरों में दर्शन व पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया ।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरडी के बांधपारा शिवालय से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो वी टाइप शिव मंदिर, स्टाफ कॉलोनी, कॉपरेटिव लाइन, राजीव गांधी चौक, हनुमान मंदिर होते हुए छठ घाट तक पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजा कर कलश में जल भरकर यात्रा वापस नेपाल गेट होते हुए पण्डोपारा मार्ग से शिवालय पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया गया। चरचा कॉलरी के विभिन्न शिवालयों जैसे सुभाष नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव, बीटीसी मुक्तेश्वर महादेव, स्टाफ कॉलोनी स्थित शिव-पार्वती मंदिर, माता जगत जननी मंदिर बद्री मंदिर और जगन्नाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। वहीं बस स्टैंड महादेव मंदिर, सुभाष नगर, अम्बेडकर नगर व अन्य क्षेत्रों में भी खिचड़ी भोग व भंडारे का आयोजन किया गया। बस स्टैंड शिव मंदिर में दोपहर 1 बजे से खिचड़ी भोग भंडारा शुरू हुआ। थाना परिसर में भी थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर भंडारे का आयोजन किया जिसमें कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने भी पहुंचकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

# अवैध रेत परिवहन करते दो वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बैकुंठपुर तहसील क्षेत्र में दो मिनी ट्रकों को जब्त किया है। यह वाहन बिना वैध दस्तावेजों के गौण खनिज रेत का परिवहन करते पाए गए। खनिज विभाग की टीम द्वारा चलाए जा रहे सघन गश्त के दौरान यह दोनों वाहन पकड़े गए। उन्हें मौके पर ही जब्त कर समीप के चरचा थाने में अभिरक्षा में रखा गया है। सीजी 15 डीएच 0617 मिनी ट्रक, वाहन मालिक स्माइल खान, सीजी 16 सीएच 4324, मिनी ट्रक, वाहन मालिक सुरेश सिंह हैं। खनिज अधिकारी ने बताया कि इन मामलों में छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची तैयार करने में जुटे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं अन्य संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। आयोग द्वारा 02 अगस्त को जारी प्रेस नोट के अनुसार, बीएलओ के वार्षिक पारिश्रमिक को दोगुना करते हुए 6 हजार रूपए से बढ़ाकर 12 हजार रूपए किया गया है। साथ ही, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी संशोधन करते हुए 12 हजार हजार से बढ़ाकर 18 हजार रूपए कर दिया गया है। आयोग ने पहली बार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) को 30 हजार रूपए तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) को 25 हजार रूपए का मानदेय प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### 7 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के पुलिस विभाग में प्रशासनिक दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह भापुसे द्वारा जारी आदेशानुसार सात पुलिस अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है। यह स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। स्थानांतरण आदेश के अनुसार निरीक्षक विवेक पाटले, जो वर्तमान में थाना प्रभारी जनकपुर के पद पर कार्यरत थे, उन्हें रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ भेजा गया है। उप निरीक्षक ओमप्रकाश दुबे को थाना प्रभारी कोटाडोल से स्थानांतरित कर थाना प्रभारी जनकपुर बनाया गया है। उप निरीक्षक जगदेव कुशवाहा, जो चौकी प्रभारी कोड़ा थे, अब थाना प्रभारी कोटाडोल के रूप में कार्यभार संभालेंगे। सहायक उप निरीक्षक (सउनि) धनंजय पाठक को थाना मनेन्द्रगढ़ से स्थानांतरित कर चौकी प्रभारी कोड़ा बनाया गया है। सउनि चेतनराम राजवाड़े, जो अभी प्रभारी जिला विशेष शाखा मनेन्द्रगढ़ थे, अब थाना मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ होंगे।

# कार में लगी आग, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अस्पताल परिसर में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कार में अचानक आग लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही थाना बैकुंठपुर के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिला अस्पताल के पास खड़ी एक कार में तकनीकी कारणों से आग लग गई थी। धुआं उठते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके की नजाकत को समझते हुए सिटी कोतवाली बैकुंठपुर के एएसआई अदीप प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक पांडेय एवं अन्य पुलिस कर्मी त्वरित रूप से पहुंचे और अपनी सूझबूझ से आग पर काबू पाने में सफल रहे। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होती तो यह आग अस्पताल परिसर में खड़ी अन्य गाड़ियों और लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकती थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और साहसिक प्रयास की चारों ओर सराहना की जा रही है।



## भरतपुर में 5 व 19 को होगा जनदर्शन

**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड भरतपुर के नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार भरतपुर अनुविभाग में 5 अगस्त एवं 19 अगस्त को अपर कलेक्टर विनायक शर्मा जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। यह जनदर्शन कार्यक्रम प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। जनदर्शन के उपरांत अपर कलेक्टर न्यायालय की कार्रवाई भी इसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक भरतपुर स्थित राजस्व कार्यालय में संपन्न होगी।

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
Health Insurance & TPA
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000 | 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम.बी.बी.एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में मना ग्रीन डे सेलिब्रेशन

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम की थीम के अनुसार सभी ग्रीन ड्रेस में स्कूल पहुंचे थे। कार्यक्रम में सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। मेहंदी प्रतियोगिताओं में क्रीति गुप्ता, अलफिया नूरी, साजिया एवं सौम्या सिंह वहीं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी अग्रवाल एवं दीप्ति मिश्रा उत्कृष्ट रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में असिफा फिरदौसी ने प्रथम एवं प्रसुका द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता में रौनक परवीन प्रथम तथा दीप्ति मिश्रा द्वितीय स्थान पर रही। पॉट मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति मिश्रा एवं अपेक्षा राजवाड़े वहीं ज्वेलरी डिलाईनिंग प्रतियोगिता में सृष्टि अग्रवाल तथा शिक्षा चटर्जी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि ग्रीन डे का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि विद्यार्थियों में पेड़-पौधों और हरियाली के प्रति संवेदनशीलता को भी विकसित करना है। विद्यालय का यह प्रयास न केवल एक उत्सव था बल्कि एक स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा थी।

### लवकुश जयंती को लेकर कुशवाहा समाज की बैठक



**भैयाथान।** कुशवाहा समाज द्वारा भगवान कुश की जयंती धूमधाम से 14 अगस्त को सूरजपुर स्थित हीरालाल साधुराम सेवा कुंज में मनाई जाएगी। कुशवाहा युवा एकता सेवा कल्याण मंच व कोइरी कुशवाहा समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां जोरों पर है। अभी तक 10 से अधिक गांवों में बैठकें हो चुकी है। इस कड़ी में करौंदामुड़ा में बैठक हुई जिसमें समारोह की रूपरेखा तय की गई सदस्यों से सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर सपरिवार उपस्थित होने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में भगवान लवकुश की पूजा-अर्चना, भजन, अतिथि सम्मान, नामकरण संस्कार, कर्ण छेदन, विविध खेल प्रतियोगिताएं, उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान, आरती और समाज की विभूतियों के जीवन परिचय आदि कार्यक्रम होंगे। बैठक में सुग्रीव प्रसाद कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, देवनारायण कुशवाहा, कमलेश्वर, राम लखन, मोतीलाल, मंगलेश्वर, सत्यनारायण, अखिलेश, आलोक, आनंद राम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### नशे में पैसे मांगने को लेकर पति से विवाद, पत्नी ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** शराब के नशे में एक महिला ने अपने पैसे को वापस मांगने पर विवाद होने पश्चात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुंजनगर गँवटियापारा निवासी 45 वर्षीय विमला भीमा पति शिवनारायण कन्हार रविवार को पति के साथ पहले शराब सेवन की, इसके पश्चात पति से अपने दिए हुए ढाई सौ रुपए वापस मांगने लगी,इसी बात पर दोनों में वाद विवाद हो गया और पति घर से बाहर निकल गया, कुछ समय बाद अपने मोबाइल को लेने वापस घर में लौटे पति ने देखा कि उसकी पत्नी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## निधन

### श्रीमती प्रभादेवी सोनी

**अंबिकापुर।** सीतापुर निवासी भूतपूर्व शिक्षक जगदीश सोनी की पत्नी श्रीमती प्रभादेवी सोनी उम्र 70 वर्ष की उम्र में ब्रेन अटैक के कारण निधन हो गया। वे शिक्षक दीपक सोनी की माता जी थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार केसला नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया जिसमें परिवार के सदस्यों समेत काफी संख्या में नाते रिश्तेदार और शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।



### रामकुमार अग्रवाल

**सीतापुर।** नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं व्यावसायिक फर्म लालजीमल ताराचंद के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार अग्रवाल का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जनसंघ जमाने के जाने माने नेता रामकुमार अग्रवाल भाजपा के विभिन्न पदों पर रहने के साथ अग्रवाल समाज के आजीवन संरक्षक थे। वे थोक खाद व्यवसायी सुभाष अग्रवाल, इंडेन गैस एजेंसी के संचालक पवन अग्रवाल एवं कान्हा फ्यूल्स के संचालक राधेश्याम अग्रवाल उर्फ टीटू के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार की सुबह 9 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जायेगा। इनके निधन पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने भी शोक व्यक्त किया है।



### बाजार में 5 रुपए से लेकर 5 सौ तक की हैं राखियां

# रक्षाबंधन के लिए शहर में सजी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाई-बहन के अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व को लेकर बाजार में दुकानें सज चुकी है जहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे है। बाजार में खरीदारी करने के लिए अब लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है जिससे ग्राहकों के आने से बाजार में रौनक आ गई है। व्यापारियों ने पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष पहले से ही विभिन्न वैरायटी के आकर्षक राखियां का स्टॉक मंगा कर रखा है।

**खास बात**
- बाजार में रौनक, खरीदारी करने उमड़ी लोगों की भीड़

राखी पर्व को लेकर शहर के स्कूल रोड, देवीगंज रोड़, घड़ी चौक, दुर्गा बाड़ी के अलावा मुख्य मार्ग किनारे कई जगह बड़ी संख्या में राखी दुकान लगाई गई है जहां बड़ी संख्या में बहनों की भीड़ राखी लेने पहुंच रही है। हालांकि कुछ दिन पूर्व दुकानों में गिने चुने ही ग्राहक आ रहे थे परंतु जैसे ही रक्षा बंधन का त्यौहार नजदीक आ रहा है वैसे ही दुकानों में भीड़ उमड़ने लगी है। इधर भाई की कलाई में कौन सी राखी अच्छी लगेगी इसके लिए बहने काफी समय दुकान में राखियां पसंद करते नजर आते है। दुकान संचालकों ने बताया कि राखियों की कीमतों में कुछ ज्यादा फर्क नहीं आया है। हालांकि कुछ नई फैशन की राखियों कीमते बढ़ी है। दुकान में 5 रुपए से लेकर 5 सौ रूपए तक की राखियां है जबकि ज्वेलर्स दुकान में एक हजार तक की राखियां मंगाई गई है। दुकान संचालकों के मुताबिक दोपहर में ग्राहकों की भीड़ कम होती है लेकिन शाम के समय ग्राहकों की अच्दी भीड़ होने से बाजार में रौनक आई है। शहर के स्कूल रोड़, देवीगंज रोड में जाम की स्थिति निर्मित होती रही। हालांकि रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है जो यातायात बहाल करने में लगे हुए है। राखी दुकान के अलावा शहर के लगभग सभी कपडा दुकानों में लोग रक्षाबंधन पर्व को लेकर नए परिधान की खरीदी के लिए पहुंच रहे है। दुकान संचालकों ने पर्व को लेकर नए कपड़ों की वैरायटी मंगा रखे है। दुकान में बड़ों की अपेक्षा बच्चों के कपड़े खरीदने में लोग अधिक रुचि ले रहे है।



राखी की खरीददारी करते करते लोग।

**लोगों के सेहत से खिलवाड़**

रक्षा बंधन में राखी के अलावा सबसे अधिक बिक्री मिष्ठान की होती है। ऐसे में होटल संचालक सहित अन्य संस्थान के लोग पहले से ही स्टाक जमा कर रखे है। हैरानी की बात यह है की मिष्ठान की अधिक बिक्री होने के बावजूद खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम मिष्ठान की गुणवत्ता व शुद्धता जांचने किसी भी संस्थान की जांच नहीं की। जबकि होटलों के अलावा गुदरी बाजार में भी बड़ी संख्या में मिष्ठान की दुकान सजा रखे है। ऐसे यह कहना गलत नहीं होगा की खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा खुली छूट दे रखी है जो लोगों के सेहत से खिलवाड़ करने में लगे हुए है।

# सूरजपुर डीईओ ने चार निजी स्कूल के प्राचार्यों को भेजा कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जिले के चार निजी स्कूल प्राचार्यों को शिक्षा गारंटी योजना की राशि में गड़बड़ी के गंभीर आरोपों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।सूत्रों की मानें तो शिक्षा विभाग को यह संदेह है कि कुछ निजी स्कूल के प्राचार्यों ने नोडल प्राचार्य का आईडी व पासवर्ड हैक करके राज्य शासन की शिक्षा गारंटी के प्रतिपूर्ति राशि के पोर्टल में अनाधिकृत रूप से लॉगिन कर पहले ही दावा राशि का सत्यापन कर दिया गया है,इस कृत्य को विभाग ने घोर अनुशासनहीनता व धोखाधड़ी की श्रेणी में माना है। सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से इंडियन पब्लिक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल मानी,गुरुकुल पब्लिक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुवां, ओमकार पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोरेया, ज्ञानगंगा पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुवां के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। इन संस्थाओं पर आरोप है कि उक्त संस्थाओं में 31 जुलाई 2025 को खुले पोर्टल में नोडल प्राचार्य की अनुमति या जानकारी के बिना दावा सत्यापन कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार के राजस्व और पारदर्शिता नीति को नुकसान पहुंचा है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा निर्धन विद्यार्थियों की पढ़ाई में मदद के लिए निजी स्कूलों को छात्रवृत्ति व अन्य अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाती है। इसके लिए स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन देना होता है, जिसका सत्यापन नोडल प्राचार्य के माध्यम से होता है। इस पूरे सिस्टम में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया है जिसमें किसी अन्य व्यक्ति के लॉगिन आईडी, पासवर्ड से छेड़छाड़ करना साइबर क्राइम के दायरे में आता है। डीईओ सूरजपुर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेखित है कि यदि संबंधित स्कूल प्राचार्यों द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता है तो उनकी शिक्षा की गारंटी योजना की प्रतिपूर्ति राशि की फाइलें उच्च कार्यालय को भेजी ही नहीं जाएंगी। ऐसे में कई लाख रुपए की आरटीई सहायता राशि का भुगतान रुक सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार नोडल प्राचार्य के लॉगिन डिटेल्स का दुरुपयोग हुआ है जो कि केवल अनुशासन का उल्लंघन नहीं बल्कि साइबर अपराध भी है।

- नोडल प्राचार्य की पोर्टल आईडी से छेड़छाड़ कर समय से पूर्व दावा राशि सत्यापन करने के लग रहे आरोप

# सफाई के बाद सड़क किनारे छोड़ रहे कचरा, उठाव नहीं होने से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

एक तरफ निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे है तो वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सफाई अभियान में बरती जा रही लापरवाही के कारण जगह जगह कचरे का अम्बार लगा हुआ है। बारिश के समय सड़कों पर फैली गंदगी और जमा कचरे के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। समय पर कचरा उठाव नहीं होने व साफ सफाई की कमी के कारण लोगों में रोष है।

- दुर्गंध और गंदगी से लोगों को उठानी पड़ रही समस्या

गौरतलब है कि नगर में सफाई अभियान को लेकर बरती जा रही लापरवाही के कारण नगर में कचरे का अंबार लग गया है। जगह जगह कचरा जमा होने व बारिश के कारण दुर्गंध की समस्या बढ़ गई है। नगर में व्याप्त गंदगी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवनशैली पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा है। सफाई अभियान में बरती जा रही लापरवाही के कारण नगर के कई वार्डो में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। सफाईकर्मियों की लापरवाही की वजह से स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों पर भी असर पड़ रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि नपं के कर्मचारी सफाई करने के बाद कचरा उठाने की बजाए उसे एक किनारे छोड़ देते है। ऐसा वो प्रतिदिन करते है जिसकी वजह से वार्डो में कचरे का ढेर लग गया है। वार्ड के लोग जब उन्हें कचरे की सफाई के साथ उसे उठाने की बात कहते है तो वो अनसुनी कर देते है। जिसकी वजह से आज नगर की हालत कचरे की वजह से बदतर हो गई है। एक तो बारिश की वजह से होने वाली गंदगी ऊपर से कचरे का ढेर ने लोगो के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है।जिसकी वजह से वार्डवासियों को गंदगी के साथ दुर्गंध की वजह से डेंगू मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा सताने लगा है। नगरवासियों ने सफाई के साथ ही गंदगी और बदबू से राहत दिलाने के लिए समय पर कचरा उठाव करने और दवा का छिडकाव करने की मांग की है। इस संबंध में अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमदान कुजूर ने बताया कि हमेशा नगर में सफाई अभियान चलाकर सफाईकर्मी नगर की सफाई करते है। इसके बाद भी अगर नगर में ऐसी स्थिति बनी हुई है तो उसे भी सफाई अभियान चलाकर दूर किया जायेगा।



सड़क किनारे पड़ा कचरा।

# पुलिस ने अपहृत बालिका को उत्तर प्रदेश से बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

परीक्षा देने गई बालिका के अचानक लापता हो जाने के मामले में जांच कर रही पुलिस टीम ने लखनऊ उत्तर प्रदेश से अपहृत बालिका को बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार किया है।

- परीक्षा देने गई थी बालिका

पुलिस के मुताबिक प्रेमनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत निवासी एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पुत्री घर से परीक्षा देने गई थी जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी। गांव सहित परिचित के यहां काफी खोजबीन करने पर नहीं मिली। परिजन ने अज्ञात द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका जताई। रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम इंसान का कायम कर उपरान्त अपहरण की धारा 137(2) के तहत अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रता से कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रेमनगर पुलिस ने बालिका की तलाश शुरू की। इस बीच पुलिस ने तकनीक की मदद ली जिसमे पता चला कि वर्तमान में अपहृत बालिका लखनऊ उत्तर प्रदेश में है। जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल लखनऊ हुई और गहन खोजबीन के बाद आरोपी लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी साहिल उर्फ अमन (22 वर्ष) को हिरासत में लेकर उसके पास से अपहृत बालिका को दस्तयाब कर वापस लाया गया। मामले की विवेचना में पृथक से 65(1), 87 बीएनएस व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी विराट विशी, एएसआई रंजीत सोनवानी, प्रधान आरक्षक विनय किस्पोट्टा, आरक्षक रौशन सिंह, नागेन्द्र प्रसाद राजवाड़े, बृजेश काशी, महिला आरक्षक सिंधू कुजूर, अंजू सिंह सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# एनएच 343 पर गिरा विशालकाय पेड़, आवागमन रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। इस दौरान लोगों की मदद से पेड़ को काटकर हटाया गया जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के कारण किसी प्रकार की कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

बता दें कि इन दिनों क्षेत्र में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। इस दौरान सोमवार को एनएच 343 पर चन्द्रगढ़ चौक के समीप सूखा हुआ विशाल काय गुलमोहर का पेड़ धराशायी हो गया। पेड़ गिरने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया। इस दौरान स्थानीय नागरिक आनंद तिग्गा व अन्य ग्रामीणों ने पेड़ को काटकर हटाया जिसके बाद मार्ग पर आवागमन शुरू हो सका।



# मालवीय मिशन ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को मालवीय पार्क एवं ननि कार्यालय परिसर में पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण पर विचार गोष्ठी एवं एकल काव्य पाठ तथा शाम में केशरवानी भवन में गीता पाठ का आयोजन किया गया। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी तथा डीएन द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया। अभियान के तहत विभिन्न प्रजाति के 35 पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा की शपथ ली गई। गोष्ठी में ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की मान्यता देवता के समान है। गांव में सरना पूजा तथा अन्य लोकपर्वों में इसकी झलक हमेशा बनी हुई है। पश्चिमी सभ्यता के लोग भी इसे स्वीकार करते है। पौधरोपण एवं वनों के संवर्धन से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी साथ ही शुद्ध हवा और पानी मिलने से लोक कल्याण हो सकेगा। महामना मालवीय मिशन के स्टेडियम परिसर में निर्माणाधीन भवन के अधूरे कार्यों को एक से डेढ़ माह के भीतर पूर्ण करा उसे शीघ्र लोकार्पित किया जायेगा। डीएन द्विवेदी ने मिशन के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने अह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निगम प्रशासन की सराहना की। एकल काव्य पाठ में वनविभाग के एसडीओ एवं साहित्यकार श्यामबिहारी पाण्डेय ने वृक्षों पर आधारित रचना का पाठ किया तथा कहा कि हमारी पीढ़ियों को सुखद भविष्य देना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा के प्रति सचेत रहना होगा। गोष्ठी को अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी, महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कश्यप तथा आभार प्रदर्शन गीतामर्मज्ञ ब्रम्हाशंकर सिंह ने किया। इस दौरान डॉ.व्हीके सिंह, रणविजय सिंह तोमर, आरएन अवस्थी, मदनमोहन मेहता, त्रिभुवन सिंह, डॉ.दिनेश सिंह, रामपरीक्षन सिंह, राकेश सिंह, राजनारायण द्विवेदी, अशोक सोनकर, पार्षद संतोष यादव, राजकुमार गुप्ता, हरिशंकर सिंह, जयप्रकाश चौबे, सच्चिदानंद पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित थे।



# मनेन्द्रगढ़ में तेजी से बढ़ता यातायात दबाव

**मनेन्द्रगढ़।** शहर को जिला मुख्यालय का दर्जा मिलने के बाद नगर में विकास की रफ्तार तेज हो गई है। सड़कों पर बढ़ते यातायात और जनसंख्या के दबाव के चलते अब शहर के मध्य स्थित बस स्टैंड को बाहर स्थानांतरित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। नगरवासियों का कहना है कि बस आहार क्षेत्र में बस स्टैंड संचालित होने के कारण शहर की मुख्य सड़कों पर दिनभर अव्यवस्थित ट्रैफिक रहता है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यातायात जाम, ध्वनि प्रदूषण और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।

- बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं युवाओं का मानना है कि अब आवश्यकता इस बात की है कि बस स्टैंड को शहर के बाहरी क्षेत्र में जैसे कलेक्टर कार्यालय या स्टेशन रोड के समीप स्थानांतरित किया जाए, इससे न केवल शहर के यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि नगर की यातायात व्यवस्था को एक नया संतुलन मिलेगा। सामाजिक संगठनों ने इस मुद्दे को विकास और बेरोजगारी से भी जोड़ा है। बस स्टैंड के बाहरी क्षेत्र में स्थानांतरित होने से स्थानिक बेरोजगार युवाओं को ठेला, दुकान, ट्रैवल एजेंसी, कैंटीन, ऑटो-रिक्शा सेवा जैसे रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। यह कदम शहर की व्यवस्थित रूपरेखा और दीर्घकालीन विकास की दिशा में सहायक सिद्ध हो सकता है। नगरवासी अब प्रशासन से ठोस पहल की अपेक्षा कर रहे हैं। शहर की यातायात योजना में दूरदृष्टि अपनाते हुए यदि समय रहते निर्णय लिया गया तो इससे मनेन्द्रगढ़ एक स्मार्ट एवं सुव्यवस्थित जिला मुख्यालय की दिशा में आगे बढ़ सकता है।



यातायात दबाव बढ़ने से जाम ट्राफिक।

**क्या कहते हैं लोग**

शहर के व्यापारी राजेश गुप्ता ने कहा कि बस स्टैंड के कारण दिनभर जाम लगा रहता है। ग्राहकों को दुकान तक आना मुश्किल होता है। बस स्टैंड को बाहर शिफ्ट करना समय की मांग है। वहीं गृहिणी ममता वर्मा ने कहा कि बच्चों को स्कूल छोड़ने में भी दिक्कत होती है। बसों की भीड़ और ट्रैफिक से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर के बीचों-बीच इतना भारी ट्रैफिक ठीक नहीं। पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने कहा कि अगर बस स्टैंड बाहर बनेगा तो ऑटो-रिक्शा वालों को ज्यादा काम मिलेगा। नए क्षेत्र में चाय-नाश्ते की दुकानें और स्टॉल भी खुलेंगे, इससे रोजगार बढ़ेगा। छात्रा नेहा पाण्डेय ने कहा कि कई बार स्कूल या कोचिंग जाते समय बसों के कारण रास्ता ब्लॉक रहता है। अगर बस स्टैंड बाहर होता तो ये दिक्कते नहीं आती। युवा नेता रवि जैन ने कहा कि जिला बनने के बाद मनेन्द्रगढ़ का ट्रैफिक अब छोटे कस्बे जैसा नहीं रहा। प्लानिंग के तहत फैसले लेने होंगे। प्रशासन को शहरवासियों की मांग पर गौर करना चाहिए।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.आशीश जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ.हेमन्त कुमार बी<br>शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ |
| डॉ.सोनल गार्डिया<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ.भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>नाक कान गला रोग विषेशज्ञ | डॉ.नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.रोशन आरा<br>एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विषेशज्ञ | डॉ.हिमांशु गुप्ता<br>कैंसर रोग विषेशज्ञ |
| डॉ.कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ | डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल के 35वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आज

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी स्कुल का 35वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मंगलवार 5 अगस्त को विद्यालय प्रांगण में किया जाना है।विद्यालय के प्राचार्य हरीश कांत पाठक की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है।स्थापना दिवस समारोह मंगलवार प्रातः साढ़े ग्यारह बजे आयोजित किया जाना है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सूरजपुर एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### प्रोत्साहन कप फुटबाल में चौथे दिन डीएवी स्कूल व डुमरिया ने जीते मैच

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन डीएवी स्कूल बिश्रामपुर व हायर सेकेंडरी स्कूल डुमरिया की टीम ने अपने मैच लिए हैं।आयोजन समिति के शशि नान्हू ने बताया कि फुटबाल प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मैच शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल डुमरिया व ज्ञानसागर स्कूल लटोरी के मध्य खेला गया,जिसमें डुमरिया टीम 1 - 0 गोल के अंतर से मैच जीत लिया।दूसरा मैच डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर एवं आदर्श विद्या निकेतन लक्ष्मीपुर के मध्य खेला गया, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर की टीम ने 2-0 गोल के अंतर से मैच जीत लिया है।

### जशु को मिली विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रामानुजगंज।** विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी जशु केसरी को दी गई। विगत दिनों तीन



दिवसीय प्रांत बैठक का आयोजन झूलेलाल मंगलम में बिलासपुर में 1 से 3 अगस्त तक केंद्रीय अधिकारी एवं प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे के अध्यक्षता में किया गया था। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिला एवं विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे जिसमे बलरामपुर रामानुजगंज जिले के संगठन के लिए जशु केसरी जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। जशु केसरी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

### पैरोल पर निकला बंदी हुआ फरार एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

**अंबिकापुर।** पैरोल पर बाहर निकले बंदी के फरार होने के मामले में एसएसपी सरगुजा ने आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा की है। फरार चल रहे बंदी की सूचना देने या पकडवाने में मदद करने वाले को 5 हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार बीएनएस की धारा 262 का आरोपी बंदी पर्राडांड मोमिनपुरा निवासी सिराज आ. स्व.नूर मोहम्मद पैरोल पर बाहर निकला था और 10 नवम्बर 2024 तक उसकी पैरोल अवधि थी लेकिन आरोपी बंदी अवकाश के बाद वापस नहीं लौटा और फरार हो गया। सिराज के खिलाफ जेल नियमावली के बंदी छुट्टी नियम 1989 के नियम-11 की शर्तों को भंग करने पर अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की जा रही थी लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी के सिर पर इनाम की घोषणा की है। आरोपी सिराज आ. स्व.नूर मोहम्मद के बारे में जानकारी देने या गिरफ्तारी कराने में सहयोग करने वाले को 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### मोबाइल दुकान में चोरी, दो आपचारी बालक धराए

**अम्बिकापुर।** तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम धनगांव स्थित मोबाइल दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आपचारी बालकों को पकड़ा है। न्यायालय द्वारा दोनों आपचारी बालकों को बाल सुधार गृह भेजा गया है। ग्राम धनगांव स्थित मोबाइल दुकान में चोरों ने पीछे का रोशनदान तोड़कर 90 हजार मूल्य के 8 मोबाइल सहित अन्य सामग्रियों की चोरी की थी। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस बीएनएस की धारा 305,331 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को तलाश रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर आपचारी बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बालकों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आपचारी बालकों से 8 नग मोबाइल, ईयरफोन सहित कुल 92 हजार रूपए कीमत की सामग्री बरामद किया है। आपचारी बालकों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से दोनों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, दो युवक घायल

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर से खेत जुताई कर वापस लौटते समय ग्राम उमेश्वरपुर के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में वाहन के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई जबकि सवार दो युवक घायल हो गया। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम उमेश्वरपुर बांसपारा निवासी शिवनाराण गत दिन गांव के ही संजय सिरसो का खेत जुताई करने ट्रैक्टर लेकर ग्राम मनीहारीडांड़ गया था। ट्रैक्टर से खेत जुताई का काम पूरा कर अपने साथी भूपेन्द्र सिंह व संजय के साथ वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर सवार उमेश्वरपुर बांसापारा मनीहारीडांड़ के मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में चालक शिवनारायण वाहन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार संजय व भूपेन्द्र घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का उपचार जारी है। इधर मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सावन के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों ने विधि-विधान से की पूजा अर्चना

# शिवालय में लगा शिव भक्तों का तांता, गूंजा हर-हर महादेव



शंकरघाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सावन माह के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में शिव भक्त पूजा अर्चना करने शिवालय पहुंचे। भक्तों ने जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा कर अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा जहां भक्तों के हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

**खास बात**
- जगह-जगह हुआ भण्डारे का आयोजन

पिछले माह 11 जुलाई से शुरू हुई सावन माह के अंतिम सोमवार को सुबह से शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर शहर के शंकर घाट, वनदेवी मंदिर, जोड़ा पीपल, रामेश्वर मंदिर, स्टेडियम के समीप शिव मंदिर, नेहरू वार्ड स्थित रामेश्वर मंदिर, सत्तीपारा शिव मंदिर, बौरीपारा, गांधीनगर सहित अन्य शिवालयों में भक्त मंदिर पहुंचकर भगवान शिव को बेलपत्र, मदार के फूल, चंदन, धतूरे का फूल, भांग, धूप मधूरस, दूध, घी चढ़ाकर पूजा-अर्चना की व जलाभिषेक किया। आज कई मंदिरों में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया गया। नगर के सभी शिवालय में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया जहां भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सावन माह के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने भगवान शिव के आराधना में व्रत रखा वहीं कई भक्त घरों में भगवान शिव का विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके अलावा संभाग के सबसे पुराने व दर्शनीय स्थल प्रतापपुर के जलेश्वर शिवलिंग मंदिर, देवगढ़ के अर्धनारेश्वर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम कर जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### श्रावण मानस महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, 11 जुलाई से अनवरत जारी है अखण्ड रामायण पाठ

राम चरित मानस अखण्ड पाठ समिति द्वारा निशुल्क अखण्ड मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा जिनके घर आयोजन करवाया जाता है उनसे केवल एक नारियल एवं एक रुपया ही दक्षिणा स्वरूप लिया जाता है। समिति के सदस्य निर्धारित समय पर स्वमेव उपस्थित होकर पाठ पूर्ण कराते हैं। 108 अखण्ड पाठ पूर्ण होने पर मानस यज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष समिति द्वारा सम्पूर्ण श्रावण मास पर्यंत अखण्ड पाठ एवं मानस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 11 जुलाई श्रावण मास के प्रथम दिवस से प्रारम्भ श्रावण मानस महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः अखण्ड पाठ प्रारम्भ होकर अगले दिन हवन आरती के बाद पुनः अखण्ड पाठ प्रारम्भ कर अनवरत 24 घंटे आयोजन में श्रद्धालुओं की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सूरजपुर नगर में पहली बार इतनी लम्बी अवधि तक चलने वाले आयोजन को लेकर लोगों में चर्चा है। 10 अगस्त को पाठ समापन, हवन पूर्णाहुति एवं दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया गया है।



### बाबा जलेश्वरनाथ शिवपुर धाम में जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रतापपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवार को बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम में जलाभिषेक करने भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में भक्तों कांवर यात्रा करते हुए बेलपत्र, नारियल, अगरबत्ती से बाबा जलेश्वर नाथ का पूजा-अर्चना कर विधि विधान पूर्वक जलाभिषेक किया। सावन के अंतिम सोमवार होने पर भक्तों का विशाल जनसमूह उमड़ा जिससे नगर भगवा मय हो गया। भक्त डीजे में बज रहे भक्ति संगीत में झूमते नाचते नजर आए जिससे नगर भक्ति में हो गया। प्रतापपुर से चार किलोमीटर दूर स्थित शिवपुर धाम, प्रतापपुर के प्राचीन शिव मंदिर, पारदेश्वर शिव मुरली मंदिर में मनोकामना लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अर्धनारीश्वर रूपी बाबा जलेश्वरनाथ एवं प्रतापपुर स्थित शिव मंदिर एवं परदेश्वर मंदिर में दर्शन हेतु सुबह से ही हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचने लगे और गंगाजल, दूध व पुष्प से जलाभिषेक किया। यह प्राचीन शिवधाम न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां का आध्यात्मिक वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और अर्धनारीश्वर शिवलिंग की दुर्लभता इसे विशेष बनाती है। मान्यता है कि जो भी यहां सच्चे मन से बाबा को जल अर्पित करता है उसकी हर इच्छा पूर्ण होती है।

**बड़ी संख्या में पहुंचे कांवरियों की टोली**-सावन के अंतिम सोमवार को शिवपुर धान में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे प्रतापपुर सहित शिवपुर धाम भगवा में हो गया। प्रतापपुर विकासखंड के 101 ग्राम पंचायत सहित बिहार उत्तर प्रदेश झारखंड सीमावर्ती राज्य से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे हर-हर महादेव की गूंज से पूरा नगर भक्ति में हो गया। वहीं बड़ी संख्या में कांवरियों का जत्था पहुंचा और जलाभिषेक किया। आज तक भारी संख्या में कांवरियों का हुजूम नहीं देखा गया था।

### देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारेश्वर शिवलिंग में अंतिम सोमवार को भी हुआ महारुद्राभिषेक



**बिश्रामपुर।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम देवटिकरा में स्थित देवगढ़ धाम में समाजसेवी बिश्रामपुर निवासी सुभाष गोयल व अंबिकापुर निवासी समाजसेवी विजय गोयल ने सपरिवार आज श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भी बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि-खुशहाली कि कामना की।धार्मिक आयोजन पंडित चंद्रेश महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान सपत्नीक सुभाष गोयल एवं विजय गोयल ने आज देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारेश्वर शिवलिंग का गन्ना रस, दूध, गंगाजल एवं पंचामृत से महारुद्राभिषेक किया, साथ ही सवा पांच करोड़ शमीपत्र,बिल्वपत्र,पुष्प,अखंड अक्षत,जौ,काली तिल,काली मिर्च व अन्य पूजन सामग्री से सहस्त्रार्चन किया गया,धार्मिक आयोजन पश्चात गोयल परिवार द्वारा बाबा को महा-भोग लगाकर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया।धार्मिक आयोजन व भंडारे में मुख्य रूप से पूर्व सांसद खेल साय सिंह,पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, सरगुजा जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल,सूरजपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।धार्मिक आयोजन में गोयल परिवार के सदस्यों सहित देवटिकरा के जनपद सदस्य विजय यादव, मोहन गोयल,नरेश मित्तल,रमेन्द्र सिंह,मौनी बाबा,श्रीराम पांडेय,लखनपुर से सुनील अग्रवाल,गौरव खत्री,सुरेश पांडेय, धीरज पांडेय सहित अन्य सक्रिय हैं।

### तातापानी तपेश्वर महादेव धाम में जल चढ़ाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



बलरामपुर। सावन के अंतिम सोमवार को तातापानी गर्म जल स्रोत परिसर में स्थित तपेश्वर महादेव धाम में जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगे थे। आज तातापानी में एक लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे। सुबह से लेकर शाम तक यहां श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। ग्राम तातापानी के गर्म जल स्रोत स्थान में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस दौरान आयोजित मेले में लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ता है। मकर संक्रांति मेले के समान सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। एक अनुमान के मुताबिक सावन के अंतिम सोमवार को लगभग 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं तातापानी पूजा अर्चना करने पहुंचे। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बना तपेश्वर महादेव धाम में श्रद्धालु 10 से 30 किलोमीटर का सफर तय करके यहां जल चढ़ाने नंगे पैर पहुंचे। रामानुजगंज के कनहर नदी एवं बलरामपुर के चनन नदी से श्रद्धालुओं ने जल लेकर तपेश्वर महादेव धाम में जलाभिषेक किया। जिले के तात्कालिक कलेक्टर संजीव झा द्वारा कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई थी जिसके बाद से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

जाम से लोग परेशान-सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। जिसके कारण पैदल चलना यहां मुश्किल हो रहा था। इसी बीच लोग चार चक्का वाहन बार-बार भीड़ में ले जाते जिससे कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही थी। तातापानी गर्म जल स्रोत स्थान के दोनों प्रवेश के रास्ते में भी आधा आधा घंटे जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही थी।

### कांवरियों ने घोरडेगा से जल लेकर करवा शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



**करवां।** सावन के अंतिम सोमवार को सिलफिली घोरडेगा से कांवरियों ने जल उठाकर करवां शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को करवां शिव मंदिर में ग्राम करवां, जुड़वानी, करसु, श्यामनगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर कावड़ यात्रा के लिए सिलफिली घोरडेगा में एकत्र हुए जहां भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करने के लिए जल उठाया। शिवभक्तों के हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। सिलफिली घोरडेगा नाला से करवां शिव मंदिर के 10 किलोमीटर लंबे मार्ग पर जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान रामू राजवाड़े व शंकर लाल देवांगन द्वारा माझापारा चौक में श्रद्धालुओं के लिए जलपान का व्यवस्था किया गया था। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह से इस यात्रा में भाग लिया। इस वर्ष की कावड़ यात्रा में शिव पार्वती की झांकी बेहद ही आकर्षक थी। शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन और जलाभिषेक कर मत्था टेक परिवार की सुख-शांति की समृद्धि की कामना की। सुरक्षा व्यवस्था हेतु लटोरी पुलिस की टीम जगह जगह पर मुस्तैद रही। मंदिर प्रांगण में मनोज कुशवाहा एवं दुर्गेश गुप्ता द्वारा सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया था।

# शिवालय में जलाभिषेक के साथ संपन्न कांवर महायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



बाबा विश्वनाथ की नगरी बनारस के अस्सी घाट से गंगाजल उठाकर शुरू हुई विधायक रामकुमार टोप्पो संग कांवरियों की कांवर महायात्रा चुरकी पानी स्थित शिवालय में जलाभिषेक के साथ संपन्न हुई। 100 कांवरियों की टीम के साथ विधायक ने 12 दिन पहले बनारस से कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी जो 425 किमी की लंबी यात्रा करने के बाद चुरकी पानी में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुई।

विदित हो कि विधायक बनने से पूर्व भूतपूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो ने चुरकी पानी कई महिमा से प्रेरित होकर साल 2022 में इस कांवर महायात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा के दौरान बनारस के अस्सी घाट से जल उठाकर कांवरियों का दल मुख्य मार्ग से होते हुए चोरकीपनी पहुंचती थी जहां कांवरियों का दल जलाभिषेक कर हवन पूजन के बाद इस महायात्रा की पूर्णाहुति करते थे। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भूतपूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो जब विधायक बने तब भी जारी रखा। महायात्रा के चौथे साल विधायक रामकुमार टोप्पो के साथ कांवरियों की टोली पूजा अर्चना के बाद अस्सी घाट से कांवर में गंगाजल भरकर महायात्रा का प्रारंभ किया गया। 4 अगस्त को विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में सौ कांवरियों का दल हर हर महादेव के जयघोष के साथ चुरकी पानी पहुंचा जहां गंगाजल से जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के बाद भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं हवन पूजन के साथ 425 किमी लंबी इस महायात्रा का पूर्णाहुति किया गया।

### घर में अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम महुली, चोंगा, करौटी, खैरा क्षेत्र में गश्त कर रहे थाना चांदनी के पुलिस कर्मियों को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नवाडीह निवासी बसंतु साकेत आ. सियाराम साकेत अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने बंसतु के घर दबिश देकर घर के पीछे छिपा कर रखा 3 हजार 3 रूपए कीमत के अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ पदरोहण समारोह

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में पदरोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग से नगर निरीक्षक अमित कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को बैज एवं पट्टिका पहनाकर विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त गांधी हाउस, टैगोर हाउस, अशोका हाउस और लाजपत हाउस के लिए हाउस कैप्टन बॉयज एवं गर्ल्स भी चयनित किए गए। साथ ही, क्लास कैप्टन, डिसिप्लिन कैप्टन, कल्चर कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन आदि अन्य पदों पर भी विद्यार्थियों को दायित्व सौंपे गए। मुख्य अतिथि अमित कौशिक ने कहा कि नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी, अनुशासन और प्रेरणा का प्रतीक है। एक अच्छा नेता वही होता है जो अपने व्यवहार और कार्य से दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करे। इस दौरान उप निरीक्षक हरिशंकर तिवारी, हेड कांस्टेबल विनोद परीडा, राजकुमार पासवान, एवं विद्यालय प्रबंधन से पीडब्ल्यू मिश्रा, प्राचार्य अशोक तिवारी, उप-प्राचार्य सुनील महापात्रा सहित सभी शिक्षक, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





### आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में लखनपुर को मिला रजत पदक

**अंबिकापुर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्पूर्णता सम्मान समारोह में सरगुजा जिले के आकांक्षी ब्लॉक लखनपुर को रजत पदक (सिल्वर मेडल) से पुरस्कृत किया गया। इस सम्मान समारोह में सरगुजा जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में लखनपुर जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह ने प्राप्त किया। लखनपुर विकासखंड की टीम द्वारा विभिन्न विभागों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले की आकांक्षी विकासखंड टीम के जमीनी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कर्मियों में शामिल स्वास्थ्य विभाग से एएनएम श्रीमती धनेश्वरी मानिकपुरी, स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम साधना लकड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग से आईसीडीएस सुपरवाइजर श्रीमती रत्ना सरकार, कृषि विभाग से आरईओ श्रीमती प्रेमा बेक, एनआरएलएम विभाग से एरिया कोऑर्डिनेटर श्रीमती रूही परवीन, कार्यक्रम में एबीएफ श्रीमती शुभिता शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान 15 तक

**बैकुण्ठपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम को इस वर्ष हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 2 से 15 अगस्त तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर नागरिक में देशभक्ति की भावना का संचार करते हुए उन्हें अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही स्वच्छता के महत्व को भी उजागर करना है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तथा तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त चलेगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार एवं राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले के सभी सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों एवं उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कॉर्पोरेट व निजी क्षेत्र को भी सीएसआर संसाधनों सहित कार्यक्रम में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।




कैलाश मानसरोवर यात्रा

8 मई से 20 मई 2026, (12 रात 13 दिन)

सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।

राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411